अमर उजाला

Indore: नकली शराब की फैक्टरी पर कार्रवाई, ब्रांड्स की हूबहू करते थे नकल; मुख्य आरोपी को किया गया गिरफ्तार

इंदौर के पॉश और विकसित आवासीय क्षेत्र तुलसीनगर में बड़े पैमाने पर चल रहे एक अवैध शराब निर्माण नेटवर्क को ध्वस्त करने में बड़ी कामयाबी मिली है। जिला प्रशासन और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने बेहद मुश्तैदी दिखाते हुए समय रहते इस सुनियोजित कार्रवाई को अंजाम दिया। यदि इस अवैध गतिविधि पर समय रहते अंकुश नहीं लगाया जाता तो क्षेत्र में जनस्वास्थ्य के साथ-साथ कानून-व्यवस्था को लेकर भी गंभीर जोखिम खड़े हो सकते थे।

Source: https://www.amarujala.com/madhya-pradesh/indore/indore-news-illegal-liquor-manufacturing-unit-excise-department-2026-06-25